भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले , खाद्य एवं लोक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित नियामक संस्थान भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में वाणिज्य संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सभी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न प्रकार के उत्पाद एवं उनसे संबंधित मानकों के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो भागों में बांटा गया जिसमें प्रथम सत्र में विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए इसके प्रमुख कार्यों को बताया गया , तथा द्वितीय सत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मानक मित्र स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा न्यूनतम 30 अथवा अधिक युवाओं को भारतीय मानक ब्यूरो के विषय में जागरूकता प्रसारित करने के लिए तैयार किया गया। जिसके अंतर्गत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध BIS Care App के द्वारा उपभोक्ता दैनिक और स्थायी उपयोग की वस्तुओं के मानकों को इस ऐप के द्वारा जांच सकेगें। और BIS Connect App के द्वारा स्वयंसेवक मानक मित्र युवाओं से संवाद स्थापित करने के क्रम में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान को पूरा करेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक सफल मानक मित्र स्वयंसेवकों को 30 दिनों के अंदर ₹1500/- मानदेय एवं प्रमाण पत्र भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ योगेश शुक्ला, डॉ ललित गुप्ता विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान , विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव द्वारा किया गया। कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने अंत में सभी आगंतुकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम संयोजक श्री गोपीनाथ मौर्या, आचार्य वाणिज्य संकाय ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उसके उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में डा प्रकाश दुबे , डॉ अशोक पाण्डेय, डॉ पीके राजपूत डॉ डीएन सिंह , डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, गजेन्द्र सेंगर, सुबोध शुक्ला, अरविंद मिश्रा कार्यालय अधीक्षक शिवमोहन अग्निहोत्री का विशेष रूप से सहयोग रहा तथा 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कानपुर, शनिवार 14 अक्टूबर, :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

चेतना कार्यालय

बकेवर। जनता कॉलेज में शुक्रवार को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं लोक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित नियामक संस्थान भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में वाणिज्य संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सभी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न प्रकार के उत्पाद एवं उनसे संबंधित मानकों के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो भागों में बांटा गया जिसमें प्रथम सत्र में विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए इसके प्रमुख कार्यों को बताया गया, तथा द्वितीय सत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मानक मित्र स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा न्यूनतम 30 अथवा अधिक युवाओं को भारतीय मानक ब्यूरो के विषय में जागरूकता प्रसारित करने के लिए तैयार किया गया। कालेज के प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने अंत में सभी आगंतुकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम संयोजक गोपीनाथ मौर्या, आचार्य वाणिज्य संकाय ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उसके उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में डा प्रकाश दुबे, डॉ अशोक पाण्डेय, डॉ पीके राजपूत डॉ डीएन सिंह, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, गजेन्द्र सेंगर, सुबोध शुक्ला, अरविंद मिश्रा कार्यालय अधीक्षक शिवमोहन अग्निहोत्री का विशेष रूप से सहयोग रहा तथा 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।